हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

10 सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस जनसंवाद को मिली नई मजबूती


10 छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर हुआ गहन विमर्श




## खबर संक्षेप

### संविदा शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विधायक को सौंपा



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ सेजेस दहींकोंगा के शिक्षकों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन विधायक कोंडागांव लता उसेंडी को सौंपा। ज्ञापन में संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों के नियमितीकरण, सेवा-सुरक्षा, वेतन विसंगति, कार्यस्थल की स्थिरता तथा अन्य मूलभूत समस्याओं को रखा गया। संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने आशा व्यक्त की है कि राज्य सरकार संविदा शिक्षकों की 12 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर न्याय प्रदान करेगी।

### 320 कट्टा अवैध धान भंडारण पकड़ाया



**जगदलपुर।** कृषि उपज मंडी जगदलपुर में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। टीम सूचना पर वाहनों को रोककर तलाशी कर रहे हैं। इसी दौरान मंगलवार को कृषि उपज मंडी सचिव जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार की टीम एवं राजस्व विभाग द्वारा साड़गुड़ के मुकेश देवांगन के गोदाम में 320 कट्टा अवैध धान भंडारण करते पाया गया। धान पर मंडी अधिनियम अनुसार कार्यवाही की गई, राजस्व एवं मंडी के सयुक्त जांच दल की कार्यवाही है।

### किसान संघ 16 को सभी जिला मुख्यालयों में करेगा आंदोलन

**बकावंड।** धान खरीदी में भारी अव्यवस्था को लेकर भारतीय किसान संघ आगामी 16 जनवरी को सभी जिला मुख्यालयों में आंदोलन करेगा। कभी टोकन जारी नहीं होना, कभी खरीदी सीमा कम करना, तो कभी खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था। किसान महीनों से भटकने को मजबूर है। धान खरीदी की प्रक्रिया को सुगम करने का प्रयास करने की बजाय किसानों की सत्यनिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगाया जाता हैं। मात्र 60 प्रतिशत धान की ही खरीदी हो पाई है। यह सीधे किसानों के साथ अन्याय है।

### गौरव डोंगरे को मैन ऑफ द मैच से किया सम्मानित



**जगदलपुर।** छग स्टेट पॉवर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे दिन शनिवार को चार टीमों का मैच हुआ। खिलाड़ी गौरव डोंगरे को कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने मेन ऑफ द मैच का सम्मानित किया। स्पर्धा के चौथे दिन कालीपुर मैदान में अंबिकापुर क्षेत्र बनाम कोरबा पश्चिम में से कोरबा पश्चिम विजेयी, मडवा बनाम कोरबा पूर्व में से मडवा विजयी धुरगुड़ा मैदान में रायपुर मध्य बनाम राजनांदगांव में से रायपुर मध्य विजयी एवं रायपुर बनाम जगदलपुर क्षेत्र में से रायपुर क्षेत्र की टीम विजयी। पांचवें दिन कालीपुर मैदान में अंबिकापुर क्षेत्र बनाम राजनांदगांव क्षेत्र में से अंबिकापुर क्षेत्र विजेता, रायपुर क्षेत्र बनाम दुर्ग क्षेत्र में से रायपुर क्षेत्र विजेता, धुरगुड़ा मैदान में कोरबा पूर्व बनाम जगदलपुर क्षेत्र में से कोरबा पूर्व विजेता एवं कोरबा पश्चिम बनाम बिलासपुर क्षेत्र में ये कोरबा पश्चिम की टीम विजेता बनी।

# अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर ही पहुंचे कार्यालय : हरिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित कार्यालयीन समय पर उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। साथ ही फाइलों के त्वरित निपटारे के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), नरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पेंशन योजनाएं, खाद्य वितरण व्यवस्था सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## रोजगार उपलब्धता, ई-केवाईसी प्रगति की भी समीक्षा की

### लंबित कार्यों को जल्द पूरा करें

कलेक्टर ने बैठक में बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं डीएमएफटी से स्वीकृत कार्यों तथा अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की जानकारी ली गई। लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को ऐसे स्थानों पर आधार शिविर आयोजित करने कहा। साथ ही आधार रिवरिफिकेशन का कार्य भी तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



**शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति और छात्रों की अपार आईडी पर जोर :** शिक्षा विभाग की समीक्षा में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति और छात्रों की अपार आईडी बनाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत मोतियाबिंद के ऑपरेशन, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (चिरायु) के तहत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री प्रवास, कलेक्टर जनदर्शन, आमचो बस्तर डैशबोर्ड, जनशिकायत पोर्टल आदि के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में ब्लॉकवार रिपोर्ट के अनुसार जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नियमित तौर पर भ्रमण कर हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जाए और जल्द से जल्द पूर्ण करने पर फोकस करें। कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्धता, ई-केवाईसी प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक जॉब कार्डधारी परिवारों को कार्य से जोड़ा जाए और लंबित भुगतान प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

## दशकों से नक्सलवाद का दंश झेल रहे लोग दे रहे नक्सल ठिकानों की जानकारी

# मन्दोड़ा की पहाड़ियों में नक्सलियों के डंप किए भारी मात्रा में तीर बम, बंदूक व दवाइयां बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र स्थित मन्दोड़ा की पहाड़ियों से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में नक्सलियों के डंप सामान को बरामद किया है। नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गए डंप की जानकारी पुलिस को ग्रामीणों से मिली। जिसके बाद डीआरजी व आईटीबीपी की सयुंक्त टीम ने पहाड़ियों में पहुंचकर बरामदगी की। मिली सूचना से इस बात का पता लगता है कि ग्रामीण अब नक्सल समस्या और दशकों से नक्सलियों द्वारा किए जा रहे खून खराबे से उब चुके और हर हाल में छुटकारा चाहते हैं।

- ग्रामीणों की सूचना पर डीआरजी व आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

एसपी नारायणपुर राबिनसन गुरिया ने बताया कि नक्सलमुक्त, शांत, सशक्त और उन्नत बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने क्षेत्र में अंतिम चरण की लगातार निर्णायक नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना के आधार पर थाना कोहकामेटा क्षेत्र के मन्दोड़ा नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप के अंदरूनी पर्वतीय क्षेत्रों से डीआरजी व आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में नक्सल डंप की रिकवरी की है। राज्य सरकार की मंशानुरूप पुलिस-प्रशासन के साझे प्रयास से पुलिस कैंप के आसपास के गांवों को नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत जोड़कर लोगों को शांत, सुरक्षित और विकसित गांवों में जीने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। गांवों में बिजली, पेयजल, सड़क, आंगनबाड़ी, स्कूल, राशन दुकान और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे मूलभूत जरूरतें पूरी की जा रही है जिससे आम जनता का विश्वास अर्जन हो रहा है।



**नक्सल हिंसा से मुक्ति चाहते हैं बस्तरिया**

दशकों से नक्सलवाद का दंश झेल रहे बस्तरिया नक्सलियों की हिंसा व बेगुनाह ग्रामीणों की हत्या से उब चुके हैं। हर हाल में मुक्ति चाहते है। यही वजह है कि नक्सलियों के डंप की बरामदगी ऑपरेशन के दौरान तथा ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद फोर्स द्वारा बरामद किया जा रहा है।

**सुंदरराज पट्टलिंगम,** आईजी, बस्तर।

### डंप सामग्री में मिला तीर बम का जखीरा

सुरक्षाबलों को निशाना बनाने नक्सलियों द्वारा माड़ क्षेत्र में भारी मात्रा में रखे गए विस्फोटक की जानकारी ग्रामीणों से मिलने के बाद फोर्स ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। डंप विस्फोटक में तीर बम बड़ा 94 नग, तीर बम छोटा 70 नग के अलावा भरमार बंदूक, लोहे का पाईप, सिरिंज 17 पैकेट, मरहम पट्टी, विटामिन टेबलेट, निमेसुलाइड व पैरासीटामोल टैबलेट, क्रोमोस्टेट इंजेक्शन ग्लूकोज बॉटल, डिफेन्पर, ऑक्सी लेब समेत भारी मात्रा में दवाईयां बरामद किया है। इन दवाईयों का उपयोग नक्सली बीमार पड़ने व घायल होने पर उपयोग में लाने के लिए डंप किए थे।

# जमीन खरीदी व बिक्री से आने वाला राजस्व पिछले वर्ष से हुआ कम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

उप पंजीयक कार्यालयों में जमीन की खरीद-बिक्री से प्राप्त राजस्व में कमी आई है। जिनमें संपत्ति की बढ़ती कीमतें, कड़े सरकारी नियम और दस्तावेजीकरण की दिक्कतें शामिल हैं। जिससे पिछले साल की तुलना में इस साल बिक्री और राजस्व कम हुआ है, हालांकि इस वर्ष 2025-26 में शासन ने खरीद-बिक्री से प्राप्त राजस्व का लक्ष्य नहीं दिया गया है। नए बदलाव एवं अचल संपत्ति के दाम बढ़ने से लोग खरीदने से हिचक रहे हैं, जिससे बिक्री घट गई है। नए बदलाव न केवल तकनीकी उन्नयन का प्रतीक है बल्कि धोखाधड़ी और कानूनी विवादों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। संपत्ति की खरीद-फरोख्त किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे बड़ा वित्तीय निर्णय माना जाता है। इसलिए इस प्रक्रिया में पारदर्शिता, सुरक्षा और विश्वसनीयता का होना अत्यंत आवश्यक है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जमीन-जायदाद से जुड़े फर्जीवाड़े, दोहरी रजिस्ट्री और बेनामी लेनदेन के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए नए नियम तैयार किए गए हैं। यही कारण है कि पिछले वर्ष से इस वर्ष अप्रैल से दिसंबर तक राजस्व कम हुआ। इसमें वर्ष 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर 2777 दस्तावेज से 26 करोड़ 96 लाख 38 हजार 479 रूपए राजस्व और वर्ष 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर तक 2337 दस्तावेज से 22 करोड़ 86 लाख 90 हजार 172 रुपए राजस्व मिला। हालांकि वर्ष 2024-25 में लक्ष्य से लगभग 103 फीसदी राजस्व मिला था।

- अचल संपत्ति के दाम बढ़ने से लोग खरीदने से हिचक रहे लोग

### राजस्व बढ़ाने का प्रयास

वरिष्ठ उप पंजीयक नरेन्द्र सिंह नाग ने बताया कि इस बार राजस्व का लक्ष्य नहीं दिया, फिर भी राजस्व बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उप पंजीयक कार्यालय भवन में बैठने की बेहतर व्यवस्था, पार्किंग और आधुनिक सुविधाएं हैं, इससे पंजीकरण अब सरल और पारदर्शी हो रहा है।

# निजी मोबाइल में उपस्थिति एप इंस्टॉल कराने का सर्व शिक्षक संघ ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विद्यालयों में वीएसके ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन के अनिवार्य उपयोग के आदेश के विरोध में सर्व शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ ने इसे व्यावहारिक, अनुचित और शिक्षक हितों के प्रतिकूल बताते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण बस्तर को मांगपत्र सौंपकर इसे निजता का हनन बताया।

- संयुक्त संचालक लोक शिक्षण को मांगपत्र सौंप इसे निजता का हनन बताया

संघ ने स्पष्ट किया कि शिक्षक समुदाय ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में नहीं है, लेकिन इसके लिए निजी मोबाइल फोन का अनिवार्य उपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता। मोबाइल फोन शिक्षक की निजी संपत्ति है, जिसमें व्यक्तिगत, पारिवारिक और वित्तीय जानकारियां बैंकिंग ऐप, यूपीआई, ओटीपी, महत्वपूर्ण दस्तावेज, संपर्क विवरण और अन्य संवेदनशील डाटा सुरक्षित रहता है।

किसी भी तृतीय पक्ष ऐप को अनिवार्य रूप से डाउनलोड कराए जाने की स्थिति में यदि भविष्य में डाटा चोरी, साइबर अपराध या आर्थिक नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। इस संबंध में शासन स्तर पर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति शिक्षकों की निजता और साइबर सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। संघ ने यह भी बताया कि निजी मोबाइल, इंटरनेट डाटा, नेटवर्क शुल्क और डिवाइस के रखरखाव का संपूर्ण व्यय शिक्षक स्वयं वहन करता है। इसके बावजूद तकनीकी खराबी, मोबाइल उपलब्ध न होने अथवा नेटवर्क समस्या विशेषकर ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में की स्थिति में शिक्षकों को नोटिस जारी किया जाना या दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी देना मानसिक प्रताड़ना और अन्यायपूर्ण है। संघ का कहना है कि शासकीय कार्यों के संपादन के लिए शासकीय संसाधनों के स्थान पर कर्मचारियों के निजी संसाधनों का उपयोग कराना न तो प्रशासनिक दृष्टि से उचित है और न ही यह संवैधानिक भावना एवं कर्मचारी हितों के अनुरूप है।

### ये हुए शामिल

इस दौरान दौरान सर्व शिक्षक संघ के संभाग प्रभारी प्रकाश महापात्र, जिला अध्यक्ष देवेंद्र सोनी, लम्बोदर ठाकुर, कृष्ण कुमार पुजारी, जिला उपाध्यक्ष बी श्रीनिवास राव, मनोज कुमार गावरे, जिला सचिव माया मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष जीवेंद्र कुमार मगर, सुधांशु मांडवी, कमलेश कोसमा, जिला प्रवक्ता अनिल कुजूर, मेघराज पद्माकर, सरस्वती बघेल, अजर मंडावी सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

### इन्द्रावती नदी में दो दिन पूर्व मृत मिली महिला की हुई शिनाख्त

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रावती नए पुल के करीब दो दिन पूर्व मिली महिला के शव की शिनाख्त कर ली गई है। पूर्व में वह डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में बतौर स्टॉफ नर्स कार्यरत थी इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी थी। परिजनों के मुताबिक बीते कुछ समय से वह मानसिक तनाव में थी। गौरतलब है कि सोमवार को इन्द्रावती नदी में लापता छात्र की तलाश के दौरान एसडीआरएफ की टीम को नदी में तैरती एक महिला का शव मिला था। काफी प्रयास के बाद पुलिस को उसकी शिनाख्त संगीता कश्यप 32 वर्ष पथरागुड़ा मानसिंग गली निवासी के रूप में हुई थी। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक 11 जनवरी की दोपहर संगीता घर से पैदल निकलने की बात कहकर गई थीं लेकिन वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसी दौरान पुलिस द्वारा इंद्रावती नदी में लापता छात्र अंश श्रीवास्तव की तलाश के दौरान महिला का शव बरामद किया था। संगीता कुछ वर्ष पहले मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थीं लेकिन मानसिक तनाव के चलते नौकरी छोड़ दी थी।

# एडवेंचर पार्क में प्रकृति और संस्कृति का दिखेगा संगम आज

**जगदलपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर वन विभाग वन मंडल बस्तर द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही है, जिसके तहत शहर के प्रसिद्ध लामनी पार्क के एडवेंचर पार्क में बुधवार को प्रकृति और संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। वन विभाग ने चित्र-विचित्र संस्था के सहयोग से स्कूली छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए चित्रकला और पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों में प्रकृति, वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पारिवारिक सहभागिता के माध्यम से सामाजिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसका विषय प्रकृति, वन एवं पर्यावरण रखा गया है। इसके पश्चात शाम 3 बजे के बाद पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का रोमांच शुरू होगा। वहीं, 6 से 10 वर्ष (कक्षा 1 से 5) के बच्चों के लिए प्रथम पुरस्कार 5 हजार रुपए, द्वितीय 3 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 2 हजार रुपए रखा गया है।




### प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित

बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिताओं को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है ताकि हर आयु वर्ग के बच्चे इसमें हिस्सा ले सकें। 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रोत्साहनात्मक प्रतियोगिता होगी, जिसमें सभी नन्हे प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## नीला-पीला मैकॉ, जिसे आरा अरारौना लामनी पार्क में आज पहुंचेगा

# लामनी बर्ड में पहुंच रहे नए मेहमान ब्लू गोल्ड मकाऊ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

लामनी बर्ड पार्क में जल्द ही ब्लू-एंड-येलो मैकाऊ और अफ्रीकन ग्रे पैरेट जैसे शानदार मेहमान आने वाले हैं, जो आगंतुकों को आकर्षित करेंगे। ये तोते अपनी बुद्धिमत्ता और आकर्षक रंगों के लिए जाने जाते हैं, जिसमें ब्लू मैकाऊ नीले-पीले रंग का होता है। अफ्रीकन ग्रे तोते अपनी नकल करने की क्षमता के लिए मशहूर हैं, जिससे पार्क का पक्षी संग्रह और भी समृद्ध हो जाएगा। लामनी बर्ड पार्क के लिए एक रोमांचक अपडेट है, जो जल्द ही इन खूबसूरत और बुद्धिमान पक्षियों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नीला-पीला मैकॉ, जिसे आरा अरारौना भी कहते हैं, मध्य और दक्षिण अमेरिका का एक बड़ा, खूबसूरत और बुद्धिमान तोता है, जिसके शरीर का ऊपरी हिस्सा नीला, निचला हिस्सा चमकीला पीला, नारंगी और सिर के ऊपर हरा रंग होता है। यह अपनी बात करने की क्षमता और मिलनसार स्वभाव के कारण पालतू पक्षी के रूप में बहुत लोकप्रिय है, लेकिन इन्हें बहुत जगह, ध्यान और देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि ये लंबे समय तक (80 साल तक) जीवित रह सकते हैं। इसकी विशेषता में ऊपरी पंख गहरे नीले, पेट और छाती सुनहरी-पीली, माथा हरा, और चोंच के पास काले पंखों से सजी सफेद त्वचा होती है। सिर से पूंछ तक लगभग 34-36 इंच और पंखों का फैलाव 41-45 इंच तक हो सकता है। इसकी चोंच बहुत मजबूत, काली और मेवे तोड़ने के लिए उपयुक्त है। स्वभाव और देखभाल में बुद्धिमान और सामाजिक ये बहुत बुद्धिमान, चंचल और सामाजिक होते हैं, इन्हें अपने मालिकों से बहुत ध्यान और बातचीत चाहिए होती है। बात करने की क्षमता शब्दों और वाक्यांशों को दोहरा सकते हैं। ये तेज आवाज कर सकते हैं, इसलिए अपार्टमेंट के लिए उपयुक्त नहीं। यह लंबे समय तक (80 साल तक) जी सकते हैं, इसलिए पालना एक बड़ी जिम्मेदारी है। आवास और स्थिति में मध्य और दक्षिण अमेरिका के जंगलों और सवाना में पाए जाते हैं।







### अद्भुत साथी बन सकते हैं पालतू तोते

बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि दुनिया भर में पालतू तोते के रूप में सबसे आम मैकॉ प्रजातियों में से एक हैं। ब्लू-एंड-गोल्ड मैकॉ अपने शानदार रंगों और व्यक्तित्व के कारण अद्भुत साथी बन सकते हैं, लेकिन इन्हें बहुत जगह, उचित पोषण और लंबे समय तक देखभाल की आवश्यकता होती है।

## खबर संक्षेप

### बायपास पर सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



**फरसगांव।** कोंडागांव जिला मुख्यालय अंतर्गत चिखलपुटी बायपास मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस द्वारा आज शाम 4 बजे की गई जांच में मृतक की पहचान मर्दापाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गदनतरई निवासी बीजूराम कोर्राम के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार बीजूराम कोर्राम छात्रावास में कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। आज मंगलवार को चिखलपुटी बायपास मार्ग पर उनकी बाइक सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी और शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के शवघर में रखवाया है।फिलहाल पुलिस ने मृतक की पहचान होते ही परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं परिजनों की उपस्थिति में कल बुधवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

### चिचाड़ी की क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में बड़ेडोगर की टीम बनी विजेता



**फ़रसगांव।** ब्लॉक के ग्राम चिचाड़ी में राईजिंग स्टार्स क्लब चिचाड़ी के द्वारा क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका समापन 13 जनवरी मंगलवार को किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य लीलावती नेताम शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंटू यादव, अमल नेताम और अशोक कोर्राम के द्वारा किया गया। अंतिम फाइनल मैच सोनाबेड़ा और बड़ेडोगर की टीम के मध्य खेला गया। जिसमे बडेडोगर की टीम ने जीत हासिल की। आयोजक समिति के द्वारा विजेता टीम बड़ेडोगर को प्रथम पुरस्कार 25001 रुपए नगद राशि पर ट्रॉफी दिया गया और उपविजेता टीम सोनाबेड़ा को 12001 रुपए और ट्रॉफी दिया गया। तीसरे स्थान पर रही नालाझर की टीम को 5001 रुपये और ट्रॉफी दिया गया। वही फ़रसगांव के अपडेट मेंस वेयर के द्वारा खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी दिया गया । इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बेस्टमेन कोमल सलाम रहे। बेस्ट बॉलर मोहित नेताम, बेस्ट फील्डर और फाइनल मैच में मैन ऑफ़ द मैच खेम रहे ।

### जिला स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा सीजन-5 में सीएचसी फाइटर फरसगांव विजेता



**फरसगांव।** कोंडागांव जिला के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-5 का आयोजन 9 जनवरी से 12 जनवरी तक हाई स्कूल ग्राउंड माकड़ी में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले की स्वास्थ्य विभाग की कुल 10 टीमों ने भाग लिया और चार दिनों तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आरएचओ फाइटर एवं सीएचसी फाइटर फरसगांव के बीच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए सीएचसी फाइटर फरसगांव ने जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि आरएचओ फाइटर उपविजेता रही। प्रतियोगिता परिणाम विजेताः सीएचसी फाइटर फरसगांव को प्रथम पुरस्कार राशि 21,000 एवं उपविजेता आरएचओ फाइटर को द्वितीय पुरस्कार की राशि 11,000 व ट्रॉफी विवरण किया गया।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस जनसंवाद को मिली नई मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मर्दापाल सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना पुंगरपाल के तत्वावधान में ग्राम कुदुर डोंगरीगुड़ापारा में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 9 से 10 जनवरी तक चली। प्रतियोगिता में ग्राम पुंगरपाल, कुदुर, गुमियापाल कुदुर, उहपाल कुदुर, तुमड़ीवाल, छोटे हांदापाल, एहकली, मटवाल, हाईस्कूल मटवाल एवं पदनार के नवयुवक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान पुलिस विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

**दूरस्थ वनांचल ग्राम कुदुर में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न**

**ग्रामीणों ने की आयोजन की सराहना**

ग्रामीणों ने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी लगातार होने चाहिए, जिससे खेल प्रतिभा को बढ़ावा मिले और पुलिस-जन संवाद मजबूत हो। यह आयोजन सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।



**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही सक्रिय सहभागिता :** इस अवसर पर एसडीओपी मर्दापाल सतीश भार्गव, थाना प्रभारी पुंगरपाल निरीक्षक बी.आर. ध्रुव, थाना प्रभारी मर्दापाल निरीक्षक राजकुमार सोरी, कंपनी कमांडर सुरेंद्र नागवंशी, राजेंद्र मरकाम सहित अनेक सरपंच, उपसरपंच, समाज प्रमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**पुंगरपाल की टीम बनी विजेता**

फाइनल मुकाबला ग्राम पुंगरपाल एवं ग्राम मटवाल की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें प्रथम स्थान ग्राम पुंगरपाल, द्वितीय स्थान ग्राम मटवाल, तृतीय स्थान ग्राम कुदुर एसपी ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन फाइनल मुकाबले के अवसर पर स्वयं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा उपस्थित रहे। उनके बीच पहुंचने से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और नशामुक्ति का दिया संदेश :** एसपी श्री चंद्रा ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया तथा उनके साथ बैठकर भोजन किया, जिससे पुलिस-जन संबंध और अधिक मजबूत हुए।

## लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

# अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा की अध्यक्षता में विशेष अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे।

■ कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने एसपी पंकज चन्द्रा ने ली विशेष क्राइम मीटिंग

एसपी श्री चन्द्रा ने निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए। लंबे समय से लंबित प्रकरणों के लिए विशेष अभियान चलाने तथा समंस-वारंट की शत-प्रतिशत तामिली सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से मित्रवत व्यवहार करें और उनकी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो।



**अभियोजन समन्वय से दोषियों को अधिकतम सजा दिलाने पर बल**

अपराधों में आरोपियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए जिला अभियोजन अधिकारी से बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। अभियोजन अधिकारियों ने विवेचना की बारीकियों पर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

**विजिबल पुलिसिंग और सामुदायिक जागरूकता अभियान**

असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, निरंतर पेट्रोलिंग, सीमावर्ती क्षेत्रें व धान खरीदी चेक पोस्ट पर सतर्कता तथा त्योहारों के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामों में चलित थाना, सामुदायिक पुलिसिंग, साइबर क्राइम, एटीएम-बैंक फ्रॉड और यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के आदेश भी दिए गए।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित**

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कॉप ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एफरसगांव अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी विश्रामपुरी उप निरीक्षक विनोद नेताम, आरक्षक अजरंग बघेल इसके अतिरिक्त अन्य थाना प्रभारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

**वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित**

क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, सभी राजपत्रित अधिकारी एवं जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। इस विशेष क्राइम मीटिंग से जिले में अपराध नियंत्रण, पारदर्शी पुलिसिंग और जन-विश्वास को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा बैठक में की योजनाओं की समीक्षा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

■ बस्तर पंडुम आयोजन की तैयारी को लेकर दिए निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में जारी धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए धान खरीदी एवं धान उठाव में आ रही समस्याओं पर विशेष चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को धान उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाने एवं किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

**अधिकारी को समय-सीमा में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश :** इस अवसर पर कलेक्टर ने रजत जयंती कार्यक्रमों के अंतर्गत एंट्री एसआईआर के तहत संचालित कार्यों की प्रगति, पुनर्वास केंद्रों में संचालित गतिविधियों, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्य की प्रगति, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की स्थिति तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले बस्तर पंडुम की तैयारियों एवं पंजीयन की स्थिति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारी को समय-सीमा में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

## सड़क चौड़ीकरण की कवायद तेज, पुराने वृक्षों की कटाई व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

**केशकाल।** मंगलवार को आवागमन में अवरोध एवं जन धन के लिए ख़तरनाक बन चुके बहुत पुराने वृक्षों की कटाई किया गया । जिसके अंतर्गत केशकाल पुलिस थाना एवं जनपद स्कूल के सामने के कुछ वृक्षों की कटाई किया गया। आने वाले दिनों में नगर के भीतर और कुछ चुनिंदा वृक्षों की कटाई किया जा सकता है ।

ज्ञात हो कि केशकाल नगर में एक तरफ बदहाल सड़क के जीर्णोद्धार का काम चल रहा है वहीं सड़क मरम्मत कार्य यथाशीघ्र हो सके और प्रस्तावित चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त जगह सुलभ हो सके इसलिए राष्ट्रीय राजमार्ग की आरक्षित सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का भी काम चल रहा है। अतिक्रमंण हटाने के लिए किए गये नाप-जोख को लेकर उत्पन्न नाराजगी एवं किए जाने वाले शिकवा शिकायत को निराकृत करने सोमवार को राजस्व विभाग एवं एन एच विभाग के अमला द्वारा कुछ लोगों का नाप जोख करके चिन्हांकन किया गया। सड़क मरम्मत का कार्य जल्दी से जल्दी पूरा हो सके इसके लिए जिला प्रशासन बहुत गंभीरता से ध्यान दें रही है और इसके लिए निरंतर ठेकेदार पर दबाव बनाते सतत मानिटरींग किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा लगातार भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही होने और मरम्मत सामग्री डालकर कार्य करने के लिए पर्याप्त जगह न मिल पाने के कारंण अड़चन उत्पन्न होने और काम में गति न आ पाने की बात कही जाती है।

**कराया गया विद्युत पोल शिफ्टिंग**

बोरगांव आई. टी. आई. चौक से लेकर



मंडली चौक तक सड़क निर्माण एवं आवागमन में अवरोधक बनने वाले विद्युत पोलों की शिफ्टिंग जिला प्रशासन के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा करा दिया गया। नगर सीमा अंतर्गत और विद्युत पोलों के शिफ्टिंग के लिए प्रस्ताव बनाकर अग्रिम कार्रवाई आरंभ कर दिया गया है। सड़क सीमा की जद में आने वाले सरकारी बोर्ड, एन एच विभाग के संकेतक तथा नगरपंचायत के प्रतिक्षालय को भी हटाया जा रहा है ताकि सड़क पर्याप्त चौड़ा हो सके ।

**हाईकोर्ट जाने की बात**

अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत किए जा रहे कार्रवाई से प्रभावित होकर क्षुब्ध कुछ लोगों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका लगाकर स्टे हासिल करने की कोशिश करने की बात कही जा रही है। परन्तु अभी तक हाईकोर्ट में न कोई याचिका स्वीकृत हो पाया है और न किसी को स्थगन आदेश प्राप्त हो पाया है।

**नाप-जोख और नोटिस को लेकर आपत्ति बरकरार :** सड़क किनारे के मकान दूकान के नाप जोख को लेकर और नोटिस देने न देने को लेकर आपत्ति एवं आक्रोश अभी भी बरकरार है। जिसके चलते जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावितों के नाराजगी एवं गुस्सा झेलना पड़ रहा है।

## मसोरा में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी

**फरसगांव।** कोंडागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मसोरा में मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर कोंडागांव सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक के शरीर पर चोट और खून के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, साथ ही शव की स्थिति भी संदिग्ध बताई जा रही है। इन हालातों को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष आंकी जा रही है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल मसोरा टोल प्लाजा, नेशनल हाईवे-30 से करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर स्थित है।

## कुरुषनार में हुई वन विभाग की बाघ गणना कार्यशाला

**नारायणपुर।** वन विभाग द्वारा 12 जनवरी को कुरुषनार में प्रशिक्षण एवं कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय बाघ गणना के अंतर्गत ट्रेल एवं ट्रांसेक्ट सर्वे की विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों को M-StriPES इकोलॉजिकल मोबाइल ऐप के प्रभावी उपयोग, फील्ड से डेटा कलेक्शन, जीपीएस लोकेशन रिकॉर्डिंग तथा वैज्ञानिक पद्धति से सूचनाओं के संकलन की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण



प्रदान किया गया। विशेषज्ञों द्वारा सर्वे के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं मानकों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यरत अमले की तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करना तथा बाघ गणना को अधिक सटीक, पारदर्शी एवं वैज्ञानिक बनाना रहा। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे।

## अबूझमाड़ में आईटीबीपी के सहयोग से आदिवासी महिला का सुरक्षित प्रसव

**नारायणपुर।** अबूझमाड़ क्षेत्र के दुर्गम इलाके में मानवता की मिसाल पेश करते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल आईटीबीपी ने एक गर्भवती आदिवासी महिला के सुरक्षित प्रसव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सराहनीय घटना ग्राम पद्मेटा, पंचायत लंका अबूझमाड़ क्षेत्र ओरछा की है।

प्रसव पीड़ा होने पर संबंधित आदिवासी महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी की एंबुलेंस से ओरछा ले जाया जा रहा था, किंतु अत्यंत खराब सड़क स्थिति एवं आपात परिस्थितियों के कारण लगभग 42 किलोमीटर दूर स्थित सीएचसी ओरछा तक पहुंचना संभव नहीं हो सका। ऐसी विषम परिस्थिति में सीएचसी के चिकित्सा स्टाफ द्वारा डोडीमरका स्थित



आईटीबीपी कैंप से सहायता का अनुरोध किया गया।

**डोडीमरका कैंप में हुआ सुरक्षित प्रसव**

सूचना मिलते ही आईटीबीपी कैंप के कंपनी कमांडर सहायक कमांडेंट रविंदर गुलेरिया ने बिना विलंब के आवश्यक निर्देश देते हुए उपलब्ध मेडिकल स्टाफ एवं जवानों को त्वरित रूप से सक्रिय किया। आईटीबीपी द्वारा तत्काल एक अलग टेंट स्थापित कर उसमें प्रसव हेतु बिस्तर, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, गर्म पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। सीएचसी की एंबुलेंस से पहुंची महिला चिकित्साकर्मियों एवं नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से डोडीमरका कैंप में ही सुरक्षित एवं सफल प्रसव कराया गया। पूरे प्रसव काल के दौरान आईटीबीपी बल द्वारा हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान की गई।

**कैंप में खुशी व उत्साह का माहौल**

सफल प्रसव के उपरांत कैंप परिसर में खुशी एवं उत्साह का वातावरण रहा। सीएचसी के चिकित्सा स्टाफ ने आईटीबीपी बल की तत्परता, मानवीय संवेदना तथा निस्वार्थ सहयोग की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह घटना दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में तैनात सुरक्षा बलों की जनसेवा भावना एवं मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण है, जो न केवल सुरक्षा बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी उनकी सक्रिय भूमिका को दर्शाती है।

## छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का नवां प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न

# छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर हुआ गहन विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का वार्षिक नवां प्रांतीय सम्मेलन छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में दिनांक 10 एवं 11 जनवरी को सिम्स सभागार में आयोजित किया गया। यह दो दिवसीय सम्मेलन साहित्य और भाषा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आयोजन रहा।

■ बिलासपुर में दो दिवसीय साहित्यिक महाकुंभ का आयोजन

सम्मेलन का शुभारंभ राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक तथा छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दो




दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 500 से अधिक साहित्यकारों ने सहभागिता की। कोंडागांव जिले से व्याख्याता बृजेश कुमार तिवारी एवं परियोजना अधिकारी मनीष कुमार मेश्राम ने भी सम्मेलन में भाग लेकर काव्य पाठ किया।

**छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग**

सम्मेलन में उपस्थित साहित्यकारों ने एक स्वर में छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह किया। वरिष्ठ साहित्यकारों ने छत्तीसगढ़ी भाषा की प्रासंगिकता, उपयोगिता एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत विचार रखे। सम्मेलन के दौरान अनेक व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए, जिनमें छत्तएवं अन्य भाषाओं-बोलियों के अंतसंबंध, गद्य साहित्य में छत्तीसगढ़ी, प्रशासनिक भाषा में छत्तीसगढ़ी का प्रयोग, छत्तीसगढ़ी काव्य में छंदों का उपयोग जैसे विषयों पर विद्वान वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

**कवि सम्मेलन में देर रात तक बंधा समां**

सम्मेलन के दौरान आयोजित छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन में देर रात तक कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर साहित्यकार परदेशीराम वर्मा, मीर अली मीर, विनोद वर्मा, अरुण कुमार निगम, काशीपुरी कुंदन, रुद्र नारायण पाणिग्राही, प्रदीप पांडेय, बृजेश तिवारी, चमेली नेताम सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

## पीएम आवास योजना में अनियमितता, ग्रापं सचिव निलंबित, विभागीय जांच संस्थित

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गंभीर अनियमितता पाए जाने पर जिला पंचायत कोण्डागांव द्वारा कड़ा कदम उठाया गया है। ग्राम पंचायत चिचाड़ी, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के सचिव हीरामन मरकाम को शासकीय राशि के दुरुपयोग, कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के आधार पर गठित जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की राशि के दुरुपयोग की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित सचिव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। कारण बताओ नोटिस के जवाब में संबंधित सचिव द्वारा अपनी गलती स्वीकार की गई। जांच में दोष सिद्ध पाए जाने पर छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम, 1998 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम, 1999 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए निलंबन एवं विभागीय जांच संस्थित की गई है।

**अनियमितता बर्दाश्त नहीं: जिपं सीईओ :** निलंबन अवधि के दौरान सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत बड़ेराजपुर निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला पंचायत कोण्डागांव के सीईओ अविनाश भोई ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है और इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 16 व 17 जनवरी से बस्तर पंडुम का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर की समृद्ध जनजातीय लोक-संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर पंडुम 2026 की तैयारियां पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चल रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में संस्कृति विभाग इस महोत्सव को जनपद, जिला और संभाग स्तरों पर भव्य रूप से आयोजित कर रहा है। यह आयोजन 10 जनवरी से आरंभ होकर 6 फरवरी तक चलेगा और इस दौरान बस्तर की कला, शिल्प, नृत्य, संगीत, व्यंजन, बोली-भाषा, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य-यंत्र और जनजातीय जीवन शैली का अद्भुत प्रदर्शन पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा।

### अब न्याय पहुंचेगा आपके गांव तक

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय की डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत संचालित सीएससी टेली-लॉ योजना अब ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए न्याय तक पहुंच को सरल और सुगम बना रही है। इस योजना के माध्यम से बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के नागरिकों को कानूनी सलाह प्राप्त करने हेतु अब शहरों या जिला मुख्यालयों तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। टेली-लॉ सेवा के जरिए नागरिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर वीडियो कॉल अथवा फोन कॉल के माध्यम से अनुभवी वकीलों से सीधे परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। खास बात यह है कि पात्र श्रेणियों के नागरिकों को यह कानूनी सहायता पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, भूमि एवं संपत्ति के मामले, एफआईआर से संबंधित जानकारी, पुलिस कार्यवाही, महिलाओं तथा एससी,एसटी वर्गों के अधिकार, भरण-पोषण तथा अन्य सामाजिक मामलों में आवश्यक कानूनी मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। ग्रामीण अंचलों में इसकी उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सीएससी वीएलई (की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे नागरिकों का पंजीकरण कर उन्हें विशेषज्ञ वकीलों से ऑनलाइन परामर्श दिलवाने की पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं।

# 2 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में साइबर अपराधों से सतर्क रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारत सरकार सूचना एवं प्रसार मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा दो दिवसीय चित्रप्रदर्शनीय के दिवतीय दिवस में चित्रकला, रंगोली, प्रश्नमंच, गीत एवं नाटक के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

चित्रप्रदर्शनी के समापन में मुख्यअतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी एवं बीजापुर के वरिष्ठ श्री बाबूलाल नरवरिया के उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। सायरबर सेल प्रभारी विवेकानंद पटेल ने कार्यक्रम के माध्यम से मंच को संबोधित करते हुए सायबर से संबंधित जानकारी साझा किया जिसमें डिजिटल युग में जहां इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन को आसान बनाया है, वहीं साइबर अपराधों के मामलों में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है। आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी, फर्जी निवेश योजनाओं, ओटीपी फ्रॉड, एटीएम कार्ड से जुड़ी धोखाधड़ी, व्हाट्सएप अकाउंट हैकिंग तथा नकली पुलिस या सरकारी अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी के बारे में जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों ने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे



प्लेटफॉर्म पर हैक किए गए अकाउंट से पैसे मांगना, फर्जी लिंक भेजकर जानकारी चुराना और पैसे डबल करने का लालच देना आम हो गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी अनजान लिंक, एपीके फाइल या निवेश समूह पर भरोसा न करें। बैंकों की ओर से भेजे जाने वाले ओटीपी को किसी के साथ साझा न करने, एटीएम कार्ड का सीवीवी नंबर गोपनीय रखने तथा संदिग्ध कॉल या मैसेज आने पर तुरंत सतर्क होने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती, यह केवल ठगी का तरीका है। यदि किसी व्यक्ति का व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो जाता है, तो तुरंत ऐप को अनइंस्टॉल कर दोबारा वेरिफिकेशन प्रक्रिया अपनाने और साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे मजबूत हथियार है। इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा सप्ताह पर शअवध सिंह ने यातायात नियमों की जानकारी मंच के माध्यम से साझा किया एवं सुश्री हर्षिता पंडा ने जल जीवन मिशन पर विस्तृत जानकारी दी। अलिषा खान एवं मां शारदा लोक कला मंच जगदलपुर के 10 कलाकारों द्वारा गीत एवं नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथि के हस्ते पुरूस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला बीजापुर के पत्रकार संघ के अध्यक्ष के संतोष, बसंती लिंगम पार्षद, सुगतिन चालकी, राधा लकड़ा, सत्यवती परतागिरी, यशोदा पैकरा, अर्जुन पटेल, अलिसा खान, अमिषा झाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 132 विद्यार्थियों को मिला सशक्तिकरण का साधन

# शिक्षा ही समाज और देश के विकास की नींव है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा ब्लाक में मंगलवार को शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कुल 132 विद्यार्थियों को सायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और बच्चों की मुस्कान से सराबोर नजर आया।

■ **साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में होगी सुविधा : गोयल**

कार्यक्रम के दौरान विधायक विनायक गोयल ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को शिक्षा से जोड़ना है। साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास की नींव है तथा



सरकार हर बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। दरभा ब्लाक में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छिंदावाड़ा में 36 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चन्द्रगिरी में 13 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पखनार में 3 विद्यार्थियों को हाई स्कूल कटेनार में 7 विद्यार्थियों को, डीएवी स्कूल में 2 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढोढरेपाल में 28 विद्यार्थियों को, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चितापुर में 25 विद्यार्थियों को तथा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटे कड़मा में 18 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई। इस प्रकार कुल 132 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विधायक गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह साइकिल केवल एक साधन नहीं है, बल्कि यह आपके सपनों की सवारी है। इसका सही उपयोग कर आप नियमित रूप से विद्यालय पहुंचे, मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के अंत में साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। बच्चों ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए मेहनत से पढ़ाई करने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से दरभा ब्लाक में शिक्षा को नई गति मिली है और यह पहल निश्चित रूप से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य महादेव सम्पत्ति नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पीडी हरिप्रसाद कश्यप, जिला मंत्री फुल सिंह सेठिया, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महादेव नाग, विष्णु प्रताप कश्यप,कमलु कवासी, बाबुल नाग, बलीराम बघेल सीताराम नाग अरुण नेताम, दुर्जन सिंह कश्यप, नारायण कुरानी, नकुल ठाकुर लखीयादव, धर्मेंद्र ठाकुर, दिनेश पाण्डेय, रमेश मण्डावी, सुखराम कश्यप, उषा कश्यप, सुरेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, ग्रामीणजन, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# 40 पुरुषों ने अपनाई परिवार नियोजन की स्थायी विधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित विशेष नसबंदी शिविर में कुल 40 हितग्राहियों का सफलतापूर्वक पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दी।

डॉ. एसएस टेकाम, डॉ. आरएस भंवर और डॉ पी एल. मंडावी द्वारा सभी 40 हितग्राहियों का ऑपरेशन पूरी कुशलता के साथ संपन्न किया गया। शिविर की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग ने कहा परिवार नियोजन केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें पुरुषों की भागीदारी समाज में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। एनएसवीटी एक बहुत ही सरल, सुरक्षित और बिना टांके वाली विधि है। हमें गर्व है कि बस्तर क्षेत्र के पुरुष जागरूक होकर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छोटा परिवार, सुखी परिवार के संकल्प को पूरा करने में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। इस बड़ी सफलता का मुख्य श्रेय समर्पित सुपरवाइजरों और मैदानी कर्मचारियों को जाता है, जिन्होंने बेहतरीन मोटिवेशन और मोबिलाइजेशन के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया और रिकॉर्ड संख्या में हितग्राहियों को शिविर तक पहुंचाया।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में निम्नलिखित टीम का विशेष योगदान रहा राजेन्द्र कुमार बघेल बीपीएम, जीली मंडावी, कन्हैया माहेश्वरी एवं अनीता कश्यप, राजू मुड़मा,एवं ममता, रामेश्वरी, प्रभु, शांति निकेतन एवं शैलेन्द्र। बीएमओ डॉ. नारायण नाग ने इस उत्कृष्ट टीम वर्क की सराहना करते हुए पूरी टीम को भविष्य में भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया है।

# नशा मुक्ति रैली निकालकर गायत्री परिवार ने मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

पूरा विश्व स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाता है युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर के तत्वाधान में स्कूली बच्चों के साथ नशा मुक्ति रैली नगर में निकाली गई जिसमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए नशा उन्मूलन से

■ **नन्हे बच्चे बने स्वामी विवेकानंद रैली में रहे आकर्षण का केंद्र**

संबंधित नारे लगाते हुए तख्तियों के साथ रैली निकाला गया और नशा मुक्त समाज नशा मुक्त बीजापुर का संदेश दिया गया।

रैली में स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में तैयार होकर पहुंचे नन्हे विवेकानंद बने बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। प्रातः काल गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें गायत्री शक्तिपीठ परिसर एवं सड़क के किनारे साफ सफाई



किया गया एवं स्वच्छता का संदेश दिया। विदित हो कि गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर एक जन चेतना का केंद्र है जहां पर धर्म जागरण के विभिन्न आयोजन संचालित होते रहते हैं इसी कार्यक्रम में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के सूक्ष्म संरक्षण में बंदिनीया माता जी की जन्म शताब्दी समारोह की इस मंगल बेला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं माताजी की पूर्णाहुति के लिए युवा प्रकोष्ठ द्वारा यह आयोजन समर्पित किया गया। इस आयोजन में शक्तिपीठ के व्यवस्थापक जयपाल सिंह राजपूत विजय बहादुर राजभर बैजनाथ गुप्ता बीरा राजबाबू दुर्गेश साहू अर्जुन वेको राहुल गुप्ता मोहिनी साहू गायत्री मरकाम दुर्गा वाचम के साथ सरस्वती शिशु मंदिर बीजापुर के स्कूली बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भागीदारी की एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।



# रास्ते भर किया रामायण व भजन कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला मुख्यालय के सत्संग रामायण मंडली बालपेट खालेपारा तथा गँगनादाई मानस मंडली पढ़ियारपदर बलूद के सत्संगी संयुक्त रूप से रविवार को पंचवटी के लिए रवाना हुए। इनमें मुख्य रूप से कल्याण सिंह ठाकुर, बीरबल सिंह ठाकुर, जगदेव सिंह ठाकुर, राय सिंह ठाकुर, तथा ललित सिंह ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल रहे। दोनों मंडलियों के पदाधिकारिओं इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा की पिछले वर्ष नगर में भयानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसमें काफी नुकसान भी हुआ था इस दौरान विषम परिस्थितियों मे भी ईश्वर की कृपा से हम सभी सकुशल रहे।

अपने और अपने परिवार की कुशलता को लेकर मंडली के समस्त श्रद्धालु रविवार को पंचवटी के लिए दंतेवाड़ा से रवाना हुए। अपने प्रवास के दौरान रामायण पाठ कीर्तन करते हुए सर्वप्रथम भद्राचलम पहुंचकर गोदावरी नदी में स्नान के बाद रामलला दर्शन कर पंचवटी पहुंचे। यहां पहुंच कर मंडली के लोगों ने भगवान राम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सुख समृद्धि की कामना के साथ पंचवटी में रामायण पाठ व कीर्तन भजन के साथ आरती किया ।

# चार मंडल संयोजक ने ऑडिट के नाम पर वसूल लिये लाखों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ऑडिट के नाम पर जुलाई माह में आश्रम अधीक्षको से जमकर पैसा वसूला गया। मंडल संयोजक वसूली एजेंट बनकर शासन प्रशासन के नाक के नीचे कारनामें को अंजाम दे रहे हैं।

बीजापुर जिले में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत 137 बालक, बालिका आश्रम संचालित है। जिनकी सीटें 20 से

■ **मासूम बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं में की जा रही है कटौती**

500 तक निर्धारित है हालांकि इनमे प्री एवं पोस्ट मैट्रिक शामिल नहीं है। शासन से आदिवासी बच्चो के पढ़ाई एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराने आश्रमों को पैसा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे विशेष केंद्रीय सहायता और राज्य कल्याण विभागों से मिलता है। किंतु विभाग के जिम्मेदार नैतिक




जिम्मेदारियों को भुलाकर ऊपरी आमदनी का आश्रमों को जरिया बना बैठें है।

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जुलाई माह में उसूर आवापल्ली, भोपालपटनम, बीजापुर, भैरमगढ़ चार ब्लाकों में संचालित 137 आश्रमों के अधीक्षकों से ऑडिट के नाम पर 50 सीट के आश्रम से 3 हजार, सौ सीटर वाले आश्रम अधीक्षकों से 6 हजार और 150 सीट आश्रम से मंडल संयोजको द्वारा 10 हजार वसूल किया गया है। जबकी आश्रमों का वार्षिक खर्च खरीदी की गई समाग्रीयों का हिसाब बिल बाउचर ऑडिटरों के समक्ष पेश कर व ऑडिट के रूप में जानकारी शासन को भेजी जाती है। प्रत्येक आश्रम के अधीक्षकों से ऑडिट के नाम पर उगाही करने की चर्चा जोरों पर हैं। सवाल यह है आखिर किसके आदेश पर मंडल संयोजकों नें इस कारनामे को अंजाम दिया हैं। ज्ञात हो कि इस प्रकार कि आश्रमों से अवैध वसूली की शिकायते जिले में पहले भी की जा चुकी है। मगर इस बार वसूली का खेल नगदी में किया गया ताकि शिकायत होने के बाद भी कार्रवाई के लिए पुख्ता सबूत न मिले।

### एसी ने नहीं उठाया फोन

इस संदर्भ में जानकारी लेने नव पदस्थ आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह पाटले से सम्पर्क किया गया किंतु उन्होने फोन नहीं उठाया।



# किरंदुल परियोजना प्लेटिनम ग्रीन एनवायरो सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को होटल ताज सिडाडे डे हैरिटेज गोवा में ग्रीन इनविरो फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु द्वितीय वार्षिक ग्रीन इनविरो सेफ्टी अवार्ड का भव्य समारोह आयोजित हुआ। समारोह में एनएमडीसी लिमिटेड की लौह अयस्क खदान, बीआईओएम कॉम्प्लेक्स किरंदुल को सुरक्षा उत्कृष्टता श्रेणी में प्लेटिनम ग्रीन एनवायरो सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार परियोजना की ओर से एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक विद्युत संयंत्र एवं सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक प्रशि.सुरक्षा व पर्यावरण ने मुख्य अतिथि के करकमलों से ग्रहण किए। यह महत्वपूर्ण अवार्ड प्राप्त होने पर परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने सभी को हार्दिक बधाई दी।

# ऐसे आयोजनों से बच्चों में लोगों के सामने आने का आत्मविश्वास बढ़ता है: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

कैंब्रिज केरला मॉडल स्कूल धुरागांव में रंगारंग एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। इस एनुअल फंक्शन में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जन समूह उपस्थित रहा।

सभी ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंत तक आनंद लिया और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप और लोहंडीगुड़ा हाई स्कूल प्रिंसिपल अशोक खपाडे ने अपनी गरिमा में उपस्थित से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कैंब्रिज केरला स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता मूर्ति ने ऐसे



कार्यक्रमों की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में लोगों के सामने आने का आत्मविश्वास बढ़ता है एवं उनके भीतर छुपी हुई प्रतिभा को बाहर आने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष इसी तरह से एनुअल फंक्शन का आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे। इस कार्यक्रम में सभी टीचर्स ने भी अपना प्रस्तुति दी। मंच संचालन की जिम्मेदारी संभालते हुए वाइस प्रिंसिपल अरुण सरदार ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे केवल रोजगार या नौकरी पाने का साधन मात्र ना मानकर बच्चों के समग्र बौद्धिक और चारित्रिक विकास का साधन बताया।

# लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ तकनीकी सहायक इराद टोप्पो निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड ब्लॉक नम्बर-7। द्वितीय तल, सेक्टर-24, ऑफिस कॉम्प्लेक्स अटल नगर, मुख्यालय-नवा रायपुर छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के एरिया ऑफिसर द्वारा 2 जनवरी 2026 को प्रदाय केन्द्र गीदम में संचालनालय खाद्य के खाद्य निरीक्षक के साथ किये संयुक्त निरीक्षण उपरांत प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन 5 जनवरी 2026 के अनुसार गोदाम क्रमांक 6, 7 में भौतिक रूप से पाये गये 20 स्टेकों में से 18 स्टेकों के चावल सैंपल में जांले के लट्ठे पाए गए हैं, जिससे उक्त स्टेकों के चावल उचित मूल्य दुकानों में परिवहन योग्य नहीं पाया गया है। सभी स्टेकों के लॉट के उपार्जन इराद टोप्पो, कनि. तक. सहायक, जिला- जगदलपुर, अतिरिक्त प्रभार जिला दंतेवाड़ा द्वारा किया गया हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि टोप्पो द्वारा मानक स्तर का चावल उपार्जन नहीं किया गया है तथा अपनी पदीय दायित्वों का निर्वहन नही किया गया हैं। अतः टोप्पों द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही, कर्तव्य के निर्वहन में शिथिलता एवं आदेशों की अवहेलना करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला कार्यालय कोंडागांव रहेगा। निलंबन अवधि में उनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा ।

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं./202512151000229/ ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उमिन्द्रा हरिनारायण उम्र 20 जाति ब्राम्हण ग्राम चालकीगुड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदिक अपनी स्वयं का शासकीय कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदिका अपनी स्वंय उमिन्द्रा पिता हरिनारायण का जन्म दिनांक 21/11/2005 को दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी तिथि 19/01/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत छोटेपरोदा (चालकीगुड़ा) के सूचना पटल में देखा जा सकता है । अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपप्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 05/01/2026

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता परिषद ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**जगदलपुर।** जिला अधिवक्ता परिषद ने स्वामी विवेकानंद की जयंती धरमपुरा परिसर में मनाई। विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अधिवक्ता झरना बांगर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं, इसलिए उनके जन्मदिन 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जिन्होंने भारतीय योग-वेदांत की शिक्षा व दर्शन को विदेशों में ख्याति दिलवाई। वरिष्ठ अधिवक्ता सपन देवांगन ने कहा कि विवेकानंद कहते थे कि एक समय में एक काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकि सब कुछ भूल जाओ, स्वयं पर विश्वास करना ही सफलता की पहली सीढ़ी है। अधिवक्ता अर्पित मिश्रा ने कहा कि पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है फिर विरोध होता है और फिर उसे स्वीकार लिया जाता है। अधिवक्ता श्रीनिवास रथ ने कहा कि एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों बार ठोकर खाने के बाद ही होता है। इस अवसर पर प्रतिमा राय, उमेश ठाकुर, श्रीनिवास रथ तापस विश्वास, अदिति रावत, अर्चना पानीग्राही सहित बड़ी संख्या में विश्व विद्यालय के छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस में 19 विभागों की झांकियां होंगी शामिल

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन ने आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष भी जिला मुख्यालय जगदलपुर में राष्ट्रीय पर्व पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह का आयोजन शहर के ऐतिहासिक लालबाग परेड ग्राउंड में किया जाएगा। जहां सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और परेड की सलामी ली जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में 13 जनवरी को बैठक में सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही सभी तैयारियां समयपूर्व सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। लालबाग मैदान में होने वाली परेड में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एसएएफ की टुकड़ियों के साथ-साथ सीआरपीएफ के जवान भी शामिल होंगे। परेड को उत्साह के साथ शानदार बनाने के लिए 12 जनवरी से अभ्यास शुरू कर दिया गया है जो 24 जनवरी को सुबह 9 बजे होने वाली फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल तक जारी रहेगा।

समारोह को आकर्षक एवं गरिमामय बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित चलित झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इसमें पुलिस, वन विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, और नगर निगम सहित कुल 19 विभागों की झांकियां शामिल होंगी, जो शासन की जनकल्याणकारी नीतियों को दशार्एंगी। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा 30 मिनट का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# युवा स्वदेशी अपनाएं, नियमित योग करें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय युवा योग उत्सव का तीसरा एवं समापन सत्र ऊर्जावान और प्रेरणादायी वातावरण में हुआ। युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने कहा कि स्वामी रामदेव द्वारा संचालित योग आंदोलन इस सदी की सबसे बड़ी स्वास्थ्य क्रांति है, जिसने करोड़ों लोगों को रोगमुक्त जीवन के साथ-साथ आर्थिक राहत दी है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी अपनाने, नियमित योग करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

समापन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात योगाभ्यास,स्वास्थ्य टिप्स और सफलता के मंत्र साझा किए गए। युवाओं को आत्मनिर्भरता,अनुशासित जीवनशैली और देशहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प दिलाया गया। सांसद ने नगर में संचालित पतंजलि की विभिन्न कक्षाओं का उल्लेख करते हुए समिति के प्रयासों की सराहना की और इसके विस्तार हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

अध्यक्षता छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि पतंजलि द्वारा चलाए जा रहे ये अभियान समाज को स्वस्थ दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने योग शिक्षकों को बधाई देते हुए युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर विवेकानंद की वेशभूषा में कुमारी स्वर्णा चौहान ने प्रेरक उद्बोधन दिया और स्वदेशी संकल्प दौड़ का नेतृत्व किया।

विशिष्ट अतिथि निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजय बसाक, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, निगम के राजस्व मंत्री संग्राम सिंह राणा, सक्षम के अध्यक्ष कुनाल चालिसगांवकर, सिंधी समाज अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, हरेश नागवानी, एअर फोर्स के मेडिकल अधिकारी प्रणय कुमार, हिंदू जागरण मंच से आदर्श चंद्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच से सभी अतिथियों का पतंजलि अंगवस्त्र एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

## युवा योग उत्सव के समापन सत्र में स्वदेशी संकल्प के साथ युवाओं ने भरी ऊर्जा






### युवाओं के साथ गूंजी 'स्वदेशी संकल्प दौड़

योग सत्र के उपरांत आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़ में हजारों युवाओं और जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। यह दौड़ स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः स्टेडियम में समाप्त हुई। दौड़ के बाद प्रतिभागियों को योग मैट, आदर्श दिनचर्या पुस्तिका,दिव्य औषधीय पेय, अंकुरित नाश्ता एवं पतंजलि बिस्कुट वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक डॉ सुषमा झा,शक्ति सिंह चौहान, अनिल लुंकड, महिला पतंजलि योग समिति अध्यक्ष मंजू लुक्कड़,पतंजलि योग समिति अध्यक्ष मनोज चंद्रा,भारत स्वाभिमान अध्यक्ष जितेन्द्र मिश्रा,किसान सेवा समिति अध्यक्ष गजेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन बृजलाल नागवानी ने किया।

## शिक्षक कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

# 1998-99 एलबी संवर्ग को देय तिथि से सकल लाभ सहित पुरानी पेंशन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रान्तीय प्रतिनिधिमंडल ने 11 जनवरी 2026 की देर रात्रि प्रदेश के मुख्यमंत्री से उनके निवास में सौजन्य भेंट कर अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ ने 1998-99 एलबी संवर्ग के शिक्षकों को देय तिथि से सकल लाभ सहित पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यह वर्ग शिक्षा व्यवस्था की नींव रहा है, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सम्मानजनक जीवनयापन के लिए पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही है।

प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि 1998-99 में नियुक्त एलबी संवर्ग के शिक्षक अब सेवानिवृत्त हो रहे हैं और आगामी दस वर्षों में इस वर्ग के अधिकांश शिक्षक सेवा से मुक्त हो जाएंगे। वर्तमान में सेवानिवृत्त शिक्षकों को मात्र दो से तीन लाख रुपये की राशि तथा 2000 से 3000 रुपये प्रतिमाह की अल्प पेंशन मिल रही है, जो वर्तमान महंगाई में अपर्याप्त है। इस कारण अनेक शिक्षक आर्थिक संकट और असुरक्षा की स्थिति में जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इस मुद्दे को सामाजिक न्याय से जुड़ा बताते हुए शीघ्र निर्णय की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, प्रांतीय महासचिव देशनाथ पांडे, प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर, विश्वनाथ प्रधान, यदुवेंद्र प्रताप कुशवाह, तुलसी राम साहू, हितेंद्र बघेल, धनेद्र तिवारी, गुलाब देवांगन, युजवेंद्र कुशवाहा, अनिल ढीढी, खेदुराम चंद्राकर, शिवनारायण तिवारी, पीतांबर बंजारा, अरविंद द्विवेदी, भुनेश्वर साहू,भरत कन्नौजे, भुवन कन्नौजे, डेगमन राजवाड़े सहित प्रदेशभर से आए प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सम्मानजनक पेंशन केवल मांग नहीं अधिकार का प्रश्न

1998-99 एलबी संवर्ग के शिक्षकों ने दशकों तक शिक्षा जगत को अपने श्रम और समर्पण से सींचा,लेकिन आज वही शिक्षक न्यूनतम पेंशन और सीमित सेवानिवृत्ति लाभ के कारण आर्थिक असुरक्षा से जूझ रहे हैं। यह मांग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि देय तिथि से सकल लाभ सहित पुरानी पेंशन योजना लागू की जाती है, तो इससे हजारों शिक्षक परिवारों को स्थायी राहत मिलेगी और शिक्षा सेवा को सम्मानजनक अंत मिलेगा।

## मनरेगा में कांग्रेस का विरोध राजनीति से प्रेरित : पारख



■ वीबी जी राम जी योजना से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**जगदलपुर।** केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस के विरोध को भाजपा नेता ने राजनीति से प्रेरित और जनविरोधी बताया है। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने जारी बयान में कहा है कि सरकार गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के उत्थान के लिए ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है तब विपक्ष का विरोध यह दर्शाता है कि उनके पास न तो कोई रचनात्मक एजेंडा है और न ही जनता के हितों को लेकर कोई स्पष्ट दृष्टि है।

उन्होंने कहा यह योजना केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के सामाजिक और आर्थिक पुनर्निर्माण का मजबूत आधार है। इससे रोजगार की गारंटी मजबूत होगी, मजदूरी भुगतान प्रणाली पारदर्शी बनेगी और ग्रामीण अधोसंरचना को नई गति मिलेगी। सरकार का उद्देश्य है कि गांवों में ही पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं ताकि पलायन रुके और स्थानीय स्तर पर समृद्धि का वातावरण बने। योजना के तहत श्रमिकों को समयबद्ध भुगतान, कार्यों में पारदर्शिता और महिलाओं को आजीविका से जोड़ने जैसे प्रावधानों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राज्यों को यह अधिकार दिया गया है कि वे फसल के प्रमुख मौसम में कुछ अवधि के लिए कार्यों को स्थगित कर सकें जिससे किसानों को श्रमिकों की कमी न झेलनी पड़े। सरकार का मानना है कि यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि जल सुरक्षा, जलवायु अनुकूलन, ग्रामीण सड़कों और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में स्थायी ढांचा खड़ा करेगी। इससे गांवों की तस्वीर बदलेगी और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जमीन पर उतारा जा सकेगा। मनीष पारख ने कहा कि यह योजना लोक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी और ग्रामीण भारत को एक नई गति देगी।



# मुख्यमंत्री की घोषणा से कर्मचारियों में उत्साह, पेंशनरों को भी राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ने से खुशी की लहर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा के साथ ही प्रदेशभर में कर्मचारियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से महंगाई भत्ते को लेकर चल रही मांगों पर अब विराम लग गया है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी का लाभ उन्हें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित देय तिथि से मिलेगा।

इस संबंध में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने जारी प्रेस बयान में कहा कि रायपुर में आयोजित राज्य कर्मचारी संघ के अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कर्मचारियों के हित में एक बड़ा और सराहनीय निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस घोषणा के बाद प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है, जो अब केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर हो गया है। इससे कर्मचारियों में उत्साह और संतोष का माहौल है।

राम नारायण ताटी ने आगे कहा कि अब यह उम्मीद की जा रही है कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता केंद्र द्वारा निर्धारित देय तिथि से ही दिया जाएगा,क्योंकि पूर्व में कई बार कर्मचारियों और पेंशनरों को देय तिथि से लाभ नहीं मिल पाने के कारण असंतोष का सामना करना पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह कर्मचारियों को राहत दी गई है, उसी तर्ज पर पेंशनरों को भी 3 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ शीघ्र मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ता दिए जाने की घोषणा पर कर्मचारियों और पेंशनरों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

आभार व्यक्त करने वालों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, रमापति दुबे, विमल पांडे, शिव कुमार मिश्रा, शंभूनाथ देहारी, सदाराम ठाकुर, रैमन दास झाड़ी, मो अय्यूब खान, ओपी भट्ट, शिव सिंह भदौरिया, रूप कुमार झाड़ी, मोहम्मद कासिम, मो कासिमुद्दीन खान, सुरेश कुमार घाटौड़े, मीता मुखर्जी, सरोज साहू, करमजीत कौर, डॉ. सुषमा झा, अनिता राज, सुन्दरा सिम्हा, सविता नायर, रेखा सेन, के बेलसरिया, जयमनी ठाकुर, ललिता यादव एवं शुभ्रा कुंडू शामिल हैं।

# युवाओं के पथप्रदर्शक विवेकानंद जयंती पर गूंजा राष्ट्रबोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शिल्पी सांस्कृतिक संस्था के आयोजन में उमड़ा श्रद्धा, प्रेरणा और संस्कार का संगम



युवाओं में आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का मंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती शिल्पी सांस्कृतिक संस्था द्वारा इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा,उल्लास और प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। संपूर्ण वातावरण "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको नहीं" जैसे विचारों की ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया।

स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उक्त कथन मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं,बल्कि राष्ट्रचेतना के महान शिल्पकार थे। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर,चरित्रवान और राष्ट्र के प्रति समर्पित बनने की प्रेरणा दी। संस्था के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार,राष्ट्रप्रेम और सनातन चेतना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता धरमपुरा स्थित रामकृष्ण शारदा सेवाश्रम के महाराज रहे। अतिथियों का स्वागत सुधीर मंडल एवं हरि माधव दास ने किया। संस्था अध्यक्ष दिशांत चक्रवर्ती ने स्वागत भाषण दिया। प्रतिमा राय चौधरी एवं गीता विश्वास ने विवेकानंद पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। संस्था के संस्थापक सदस्य सुबीर नंदी ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन संस्था सचिव असीम ने किया। इस अवसर पर दुलाल घोष, जय गोपाल सरकार, शांतनु नाग, बसंत मंडल, भवतोष विश्वास, राम शाह, सुशांत भद्र, दुर्गेश साहू, अनिल मल्होत्रा, शेफाली सरकार, साथी मुखर्जी, शिप्रा नदी सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। मंच संचालन संस्था उपाध्यक्ष संजीव सील ने किया।

संस्था अध्यक्ष दृशान चक्रवती ने कहा स्वामी विवेकानंद का जीवन केवल तपस्या का नहीं,बल्कि सामाजिक जागरण का प्रतीक रहा है। उन्होंने भारत को आत्मगौरव, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक चेतना का नया स्वरूप दिया।

# बस्तर पंडुम में स्थानीय निवासी अफसरों और पेशेवरों को विशेष आमंत्रण

**जगदलपुर।** शासन ने बस्तर संभाग की समृद्ध कला और संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए बस्तर पंडुम की समय-सारिणी में संशोधन किया है। संस्कृति विभाग के सचिव डॉ रोहित यादव ने बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, कोण्डागांव और नारायणपुर के कलेक्टरों को पत्र जारी कर नई तिथियों के अनुसार आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिसके अनुसार प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन स्तरों पर किया जाएगा। सबसे पहले जनपद स्तर पर 10 से 20 जनवरी के बीच ग्राम पंचायतों के दलों के बीच 12 अलग-अलग विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। इसके बाद जनपद स्तर के विजेता 24 से 29 जनवरी तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी के मध्य किया जाएगा। जहां जिला स्तर के चयनित कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

**अधिकारियों और पेशेवरों को न्योता :** बस्तर संभाग के ऐसे मूल निवासी जो वर्तमान में उच्च पदों पर आसीन हैं, उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। इसमें यूपीएससी और सीजीपीएससी में चयनित अधिकारी, बैरिस्टर, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शामिल हैं। प्रशासन को इन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करने कहा गया है।

# सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा देने का जताया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर में हाल ही में हुए नए नेतृत्व के गठन के बाद बैंक को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी क्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश कश्यप एवं उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने राजधानी रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस भेंट को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए,सहकारिता के क्षेत्र में व्यापक सुधार, पारदर्शिता और किसानों व आम उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं और इन्हें सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बैंक की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी,तकनीक-सक्षम और जनहितैषी बनाया जाएगा। साथ ही, किसानों, स्वयं सहायता समूहों और छोटे व्यवसायियों को बेहतर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे।

इस मुलाकात को बैंक के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। संगठन और शासन के सहयोग से बैंक को एक मजबूत, भरोसेमंद और सेवा-उन्मुख संस्था के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश कश्यप,उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, साथ ही दिलीप कुशवाह एवं रंजीत पाण्डे उपस्थित रहे।




